प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 10.05.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के 45वीं जयंती समारोह में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में नव–निर्मित ध्यान मंदिर का उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री आज तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भी जाएंगे जहां वे कई विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ और शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं लगभग 9 हजार चार सौ करोड़ रुपये की है।

00000

तमिलनाडु में टीवीके पार्टी के संस्थापक सी. जोसेफ विजय ने आज मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री विजय के साथ 9 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। श्री विजय की टीवीके पार्टी को 234 सदस्यों वाली विधानसभा में 108 सीटें मिली हैं और उन्होंने 120 विधायकों का समर्थन जुटाया है। श्री विजय 1967 के बाद राज्य के ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं जो किसी भी द्रविड़ पार्टी से नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सी. जोसेफ विजय को तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु सरकार के साथ मिलकर लोगों के जीवन–स्तर को बेहतर बनाने के लिए काम करेगी।

00000

केंद्र सरकार ने श्रम संहिता के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इससे केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, स्वायत्त निकायों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य समय पर वेतन का भुगतान, अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा अंशदान, ठेकेदारों और प्रमुख नियोक्ताओं की अधिक जवाबदेही तथा श्रम कानूनों के उल्लंघन के खिलाफ मजबूत प्रवर्तन व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इन उपायों से संविदा कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी और वैधानिक रूप से दी जाने वाली राशियों के भुगतान में चूक कम हो सकेगी।

0000

शिक्षा मंत्रालय गर्मी की छुट्टियों में, देश के सभी स्कूलों में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन करेगा। एक सप्ताह का यह शिविर भारतीय भाषाओं में बुनियादी संवाद कौशल सीखने, शब्दों को जानने, अपना परिचय देने, वास्तविक जीवन की बातचीत और संस्कृति की सराहना पर केंद्रित होगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरुप समावेशी और समान शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

00000

झुंझुनूं के बगड़ कस्बे में करीब डेढ़ सौ साल पुराने फतेहसागर तथा भूतनाथ तालाब अब नए स्वरूप में नजर आएंगे। केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत करीब 1 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से दोनों तालाबों के कायाकल्प का काम शुरू हो गया है। परियोजना के तहत तालाबों के घाटों और सीढ़ियों का पुनरुद्धार किया जाएगा। तालाबों के जीर्णोद्धार से स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

00000

प्रदेशभर में आज मातृत्व दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। ये दिन माताओं के योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि मां सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि ममता, त्याग और समर्पण की सबसे पवित्र भावना है। उन्होंने कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती है, जो हमें संस्कार, साहस और सही मार्ग पर चलना सिखाती है।

0000

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर तेज गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकांश जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा 45 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस तापमान बाडमेर में रहा।

जैसलमेर में 45, फलौदी में 44 दशमलव 8, जोधपुर 43 दशमलव 9, चित्तौडगढ में 43 दशमलव 8 और बीकानेर में 42 दशमलव 2, डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने आज जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर और बीकानेर जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। अगले दो–तीन दिनों तक पश्चिमी जिलों में तेज गर्मी और लू चलने की संभावना को देखते हुए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पूर्वी जिलों में इसके विपरीत आंधी और हल्की बारिश हो सकती है।

00000